छत्तीसगढ़ शासन,
आवास एवं पर्यावरण विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन –नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर
**Email Id : henv.cg@nic.in**

क्रमांक एफ 7–15/2017/32 (पार्ट) नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक :18/01/2023

प्रति,

**संचालक,**
जनसंपर्क,
संचालनालय, इंद्रावती भवन,
नवा रायुपर अटल नगर, रायपुर ।

**विषयः** **छ.ग. भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण, रायपुर में अध्यक्ष के 01 एवं सदस्य के 01 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किये जाने बाबत्।**

-----00-----

विषयांतर्गत छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण, रायपुर में अध्यक्ष के 01 एवं सदस्य के 01 रिक्त पदों की पूति हेतु पात्र उम्मीदवारों से चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है।

3/ अतः उपरोक्तानुसार कृपया पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमत्रित किये जाने हेतु विज्ञापन, 02 स्थानीय (दैनिक भास्कर एवं नवभार) एवं 01 राष्ट्रीय (Times Of India Daily English) समाचार पत्रों में प्रकाशित् करानें का कष्ट करें। विज्ञापन की संक्षिप्त प्रति संलग्न प्रेषित् है।

**संलग्न :–** यथोपरि।

(सी. तिर्की)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग

**पृ. क्रमांक एफ 1–15/2017/32** **नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक :18/01/2023**
**प्रतिलिपि**

01. **अपर मुख्य सचिव**, छ.ग. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय,
02. **प्रमुख सचिव**, छ.ग. शासन, विधि एवं विधीय कार्य विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर,

की ओर विज्ञापन के विस्तृत विवरण की एक प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्।

उप सचिव

छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग
:: मंत्रालय ::
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर
Email id-henv.cg@nic.in

**::संक्षिप्त विज्ञापन::**

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक : 18/01/2023

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में अध्यक्ष के 01 एवं सदस्य के 01 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) नियम, 2017 के नियम 19 के अधीन पात्र उम्मीदवारों के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में अन्य सुसंगत दस्तावेजों सहित 10.02.2023 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

2/ **अर्हताएं** :- छत्तीसगढ़ भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा-22 में निर्धारित अनुसार - **"अध्यक्ष एवं सदस्य हेतु ऐसे व्यक्तियों, सुसंगत क्षेत्रों सें तकनीकी विशेषज्ञों में से की जायेगी जिनके पास शहरी विकास, आवासन, भू-संपदा विकास, अवसंरचना, अर्थव्यवस्था, योजना, विधि, वाणिज्य, लेखाकर्म, उद्योग, प्रबंधन, समाज सेवा, लोक कार्यो और प्रशासन में अध्यक्ष की दशा में कम से कम 20 वर्ष और सदस्य की दशा में कम से कम 15 वर्ष का पर्याप्त ज्ञान और वृत्तिक अनुभव हो।**

**परंतु ऐसे किसी व्यक्ति की, जो राज्य सरकार की सेवा में है या रहा है, अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति तब तक नहीं की जाएगी जब तक ऐसे व्यक्ति ने केन्द्रीय सरकार में अपर सचिव का पद अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार में उसके समतुल्य कोई पद धारण न किया हो।**

**परंतु यह और कि ऐसे किसी व्यक्ति की, जो राज्य सरकार की सेवा में है या रहा है, सदस्य के रूप में नियुक्ति तब तक नहीं की जायेगी जब तक ऐसे व्यक्ति ने राज्य सरकार में सचिव का पद अथवा राज्य सरकार में या केन्द्रीय सरकार में उसके समतुल्य कोई पद धारण न किया हुआ हो।"**

3/ आवेदन का प्रारूप एवं विज्ञापन का विस्तृत विवरण, छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के वेबसाईट https://rera.cgstate.gov.in में तथा कार्यालय छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण के सूचना पटल पर भी देखा जा सकता है।

4/ अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट से अथवा व्यक्तिगत् रूप से उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. को प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्त अंतिम तारीख 10.02. 2023 के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(सी.तिर्की)
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग